हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 26 मई 2026

तापमान
अधिकतम 46.2 डिग्री
न्यूनतम 23.4 डिग्री

12 वोट दिया, टैक्स भी भरा, फिर भी लोग कूड़े के ढेर ..



12 मानसून सिर पर, नींद में सरकार सवालों में जलभराव ..



## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती 2027 की कॉमन प्रवेश परीक्षा 1 से

**अंबाला।** भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क/स्टोर कीपर, ट्रेड्स मैन दसवीं पास, ट्रेड्स मैन आठवीं पास, अग्निवीर महिला सेना पुलिस और रेगुलर एंट्री के तहत सैनिक नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, आरटी जेसीओ, हवलदार (एसएसी), जेसीओ कैटरिंग और हवलदार के पद पर कॉमन प्रवेश परीक्षा का आयोजन विभिन परीक्षा केंद्रों पर 1 से 12 जून 2026 तक किया जाएगा। सभी उम्मीदवारों के कॉमन प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड अपलोड कर दिए गए हैं।

### विदेश भेजने के नाम पर हड़पे आठ लाख रुपये

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर युवक से 8 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। गांव औरंगाबाद निवासी गोविंद ने शिकायत दी कि अंबाला की जग्गी कॉलोनी निवासी विक्रम और गोविंदपुरी निवासी देव आशीष दास ने उसे विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा दिया।आरोप है कि जनवरी से अप्रैल के बीच दोनों आरोपियों ने अलग-अलग किस्तों में उससे करीब 8 लाख रुपये ले लिए, लेकिन न तो विदेश भेजा और न ही नौकरी दिलवाई। पैसे मांगने पर आरोपी टालमटोल करने लगे।पीड़ित की शिकायत पर सदर यमुनानगर थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक सवार युवक ने महिला से छीना पर्स

**यमुनानगर।** शहर के पिरामिड के नजदीक बाइक सवार युवक ने महिला के हाथ से पर्स छीन लिया। पर्स में दो मोबाइल, पांच सौ रुपए, घर की चाबियां, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग को किया अगवा

**यमुनानगर।** रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को अगवा करके ले गया। मामले में आरोपी युवक की मां व भाई पर भी उसका साथ देने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।
रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी 23 मई को देर शाम किसी काम से घर से बाहर गई थी मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी।

### नहर से बरामद हुआ मुबारक अली का शव

**यमुनानगर।** हिनौरी पुल के पास पश्चिमी यमुना नहर से गांव मोहड़ी निवासी 29 वर्षीय मुबारक अली खान का शव बरामद हुआ है। मृतक चार दिन से लापता था। परिजनों के अनुसार 21 मई की शाम वह घर से काम पर जाने निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। बाद में उसकी बाइक नहर किनारे लावारिस हालत में मिली थी।मुबारक अली एक प्लास्टिक कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था और घटना वाले दिन ड्यूटी पर भी नहीं पहुंचा था। लगातार मोबाइल बंद मिल रहा था।

### चार युवकों से करीब 16 लाख रुपये की ठगी

**अंबाला।** सेना में भर्ती करवाने के नाम पर चार युवकों से करीब 16 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। थाना बलदेव नगर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव धुलकोट निवासी इंद्रजीत सिंह, हरविंदर सिंह, राजेश कुमार और राजकुमार ने शिकायत में बताया कि सेना एएससी में ड्राइवर मैसेंजर पद के लिए आवेदन किया था। इसी दौरान सरकपुर निवासी सुरेश कुमार और धनौड़ी मोहड़ा निवासी नीटू कश्यप ने उन्हें नौकरी लगवाने का झांसा देकर रुपये दे दिया। लेकिन नौकरी नहीं लगवाई।

# भीषण गर्मी में आंगनबाड़ी के नौनिहाल बेहाल, छुट्टियों का इंतजार

## सरकारी स्कूलों में अवकाश घोषित, आंगनबाड़ी केंद्रों व प्लेवे पर अभी नहीं आए आदेश

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

लू और बढ़ते तापमान के बीच सरकारी स्कूलों में छुट्टियां 25 मई से घोषित कर दी गई हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों और प्ले स्कूलों के लिए अभी तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। इससे छोटे बच्चों और आंगनबाड़ी कर्मचारियों की परेशानी बढ़ गई है। आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों की उम्र स्कूल जाने वाले बच्चों से काफी कम होती है। बावजूद इसके उन्हें तेज गर्मी में केंद्रों तक पहुंचना पड़ रहा है। जिले के अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्रों में गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। कई केंद्र एक-दो कमरों में संचालित हो रहे हैं। इनमें कूलर तक की सुविधा नहीं है। बच्चों को पंखों में रखा जाता है जिससे डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। कुछ केंद्रों में बिजली की सुविधा तक नहीं है।



शहजादपुर। आंगनवाड़ी केंद्र में पढ़ाई करते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### तापमान बढ़ने से छोटे बच्चे हो रहे बीमार

कर्मचारियों के अनुसार तापमान बढ़ने से केंद्रों में आने वाले बच्चों की संख्या घट गई है। छोटे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। सुबह 8:45 बजे से दोपहर 2:30 तक खुले रहने वाले केंद्रों में दोपहर की गर्म हवाओं से बच्चों को बचाना चुनौतीपूर्ण हो रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों में 1 से 20 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहता है। इस बार अभिभावकों का कहना है कि जब स्कूलों की छुट्टियां पहले ही घोषित हो चुकी हैं तो आंगनबाड़ी केंद्रों में भी तुरंत अवकाश दिया जाना चाहिए। उनका कहना है कि छोटे बच्चों पर गर्मी का प्रभाव अधिक होता है। उनके स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### छोटे बच्चों की छुट्टी पहले होनी चाहिए

अभिभावकों का कहना है कि ढाई बजे तक छोटे बच्चों को बैठाना और लेकर जाना उनके लिए जोखिम भरा है। प्रशासन को इस दिशा में सोचना चाहिए। पांच साल से छोटे बच्चों की छुट्टी पहले होनी चाहिए मगर सरकार को आंगनबाड़ी में आने वाले छोटे-छोटे बच्चे दिखाई ही नहीं देते हैं जब स्कूल के बड़े बच्चों को गर्मी लग सकती है तो क्या आंगनवाड़ी के छोटे बच्चों को गर्मी नहीं लगती है। लू को लेकर एडवाइजरी जारी होने के बावजूद आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। आंगनबाड़ी वर्कर एंड हेल्पर यूनियन प्रशासन का ध्यान इस और दिलाना चाहती है।

# स्नेचिंग के दो दोषियों को 10-10 साल की सजा

■ मोबाइल और नकदी छीनने के मामले में सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



दोनों पर पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

जिला सेशन जज वाणी गोपाल शर्मा की अदालत में मुशर्रफ पुत्र अकबर निवासी माई कॉलोनी, श्री देवी मंदिर के पास, पानीपत से मोबाइल फोन सेट, नकदी छीनने के दो आरोपियों रहमान उर्फ सलीम पुत्र मोहम्मद हरण निवासी गीता कॉलोनी, नूरवाला और राहुल पुत्र नरेंद्र शर्मा निवासी शिव नगर, गांधी मंडी पानीपत को दोषी करार देते हुए 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा दी । वही जज शर्मा की अदालत में दोनों दोषियों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी किया । जुर्माना नहीं देने पर दोनों दोषियों को एक-एक साल का अतिरिक्त करावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि थाना चांदनी बाग में मुशर्रफ की शिकायत पर सलीम व राहुल पर स्नेचिंग के आरोप में केस दर्ज किया गया था। वहीं पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि अदालत में सलीम और राहुल को न्याय हिरासत में जेल भेज दिया था।

## घोटाले और अवैध नियुक्तियां छुपाने के लगाए आरोप

# बारना सोसायटी चुनाव रद्द होने पर भड़के ग्रामीण, ऑफिस पर जड़ा ताला

■ चुनाव रोकने को ग्रामीणों ने बताया साजिश, प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

■ समाधान शिविर से लेकर बैंक जीएम और एसीएस कार्यालय तक पहुंची शिकायत



कुरुक्षेत्र। कार्यालय पर ताला जड़ने के बाद रोष जताते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले के गांव बारना में दी बारना बहुउद्देशीय सहकारी समिति के चुनाव पर रोक लगाने का मामला अब गरमा गया है। फैसले के विरोध में सोमवार को ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। चुनाव प्रक्रिया रोके जाने से नाराज सैकड़ों ग्रामीणों और पैक्स से जुड़े किसानों ने सोमवार सुबह इकट्ठा होकर बारना सोसायटी कार्यालय पर ताला जड़ दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोगों ने अपनी संभावित हार को देखते हुए, सोसायटी में बड़े फ्रॉड को छुपाने के लिए व अवैध नियुक्तियां करने के लिए इस चुनाव पर रोक लगवाई है। ताला जड़ने के बाद ग्रामीणों ने समाधान शिविर में उपायुक्त के नाम शिकायत सौंपी, इसके बाद बाद दी कुरुक्षेत्र कॉपरेटिव बैंक के जीएम गोपी चंद को एक शिकायत पत्र सौंपा, जिसमें मैनेजर बदलने की बात कही गई। इसके बाद ग्रामीण एसीएस सहकारी समितियां के पास पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज करवाई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सोसायटी में मौजूद कर्मचारी द्वारा सोसायटी के लेन देन में मोटा घोटाला किया है। इसी को छुपाने के लिए चुनाव प्रक्रिया को कैंसिल करवाया गया है। ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि ग्रामीणों को सोसायटी की बैलेंस सीट दिलवाई जाए व अधिकारियों द्वारा सोसायटी का ऑडिट ढंग से किया जाए। दी कुरुक्षेत्र कॉपरेटिव बैंक के जीएम गोपीचंद ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जल्द बारना सोसायटी में मैनेजर का जार्च किसी अन्य को दिया जाएगा। ग्रामीण टेकचंद, हवा सिंह, रामचंद्र, महेंद्र सिंह, सर्वजीत सिंह, काली राम, कमल, प्रेम, सुरेंद्र शर्मा, फतेह सिंह, गुरमीत सिंह, बलकार व अन्य ने प्रशासन को चेताते हुए कहा कि जब तक सोसायटी में सही ढंग से काम काज शुरू नही किया जाता, तब तक सोसायटी पर ताला जड़कर रखेंगें। ग्रामीणों ने कहा कि चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं और इसके लिए 24 मई की तारीख तय की गई थी। फार्म की छंटनी व निशान मिलने समेत सभी कार्य पूरे कर लिए गए थे, लेकिन ऐन वक्त पर, चुनाव से ठीक चार दिन पहले 20 मई को एक सोची-समझी साजिश के तहत चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई, जोकि लोकतंत्र का हनन किया गया है।

# नशा तस्करों पर बड़ा प्रहार, 5 आरोपी पकड़े, 840.93 ग्राम हेरोइन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला में 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत नशा माफिया के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। सीआईए-1 और सीआईए-2 की टीमों ने दो अलग-अलग मामलों में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर 840.93 ग्राम हेरोइन और तस्करी में इस्तेमाल वाहन बरामद किए हैं। सभी आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। सीआईए-1 की टीम ने सूचना के आधार पर थाना पड़ाव क्षेत्र के कुष्ठ आश्रम के पास नाकाबंदी कर एक कार को रोका। तलाशी में सवार चार आरोपियों समीर सोनकर, मुकेश कुमार, आर्यन और धीरज चनाना से 389.1 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर वाहन जब्त कर लिया गया। वहीं, सीआईए-2 ने शाहपुर नेशनल हाइवे के पास टैक्सी में सवार आरोपी अमित कुमार को गिरफ्तार किया, जिसके पास से 451.83 ग्राम हेरोइन मिली। पुलिस के अनुसार आरोपी टैक्सी की आड़ में नशे की खेप लेकर आ रहा था। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों से पूछताछ कर पूरे नशा नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा कि यह खेप कहां से लाई गई।




### युवक को गंडासी से हमला कर किया घायल

■ घायल कृष्ण कुमार का इलाज अस्पताल में भर्ती कराया

**यमुनानगर।** गांव लेदी में कहासुनी होने पर एक युवक ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर गांव के कृष्ण कुमार पर गंडासी से हमला कर घायल कर दिया। घायल कृष्ण कुमार का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद एक आरोपी को नामजद करते हुए तीन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव लेदी निवासी कृष्ण कुमार ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 19 मई को उसका गांव के ही शिवांक के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इस दौरान आरोपी ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर उस पर गंडासी व डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच कर रही।



कुरुक्षेत्र कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

# 2018 छात्र संघर्ष केस में सभी आरोपी बरी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अदालत ने वर्ष 2018 के चर्चित छात्र संघर्ष मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। छात्र संघ चुनाव से जुड़े इस मामले में जसविंदर खैहरा, दिव्यांशु बुद्धिराजा, शाहनवाज हुसैन सहित कुल 10 लोगों पर विभिन्न आरोप लगाए गए थे। लंबे समय तक चली सुनवाई और सबूतों की जांच के बाद अदालत ने सभी आरोपों को सिद्ध न मानते हुए सभी को बाइज्जत बरी कर दिया। मामले में शामिल अन्य आरोपियों में मंजू जाखड़, हरमन प्रीत कौर, प्रवीण वती, ज्योति जानी, विनोद कुमार, सुमन और तरसेम काजल भी शामिल थे। यह मुकदमा वर्ष 2018 में छात्र संघ चुनाव के दौरान हुए विवादों के बाद दर्ज किया गया था, जो समय के साथ छात्र राजनीति का एक चर्चित मामला बन गया था। अदालत के फैसले के बाद सभी आरोपियों और उनके समर्थकों में राहत और खुशी का माहौल देखा गया। इस फैसले को न्यायिक प्रक्रिया में विश्वास की जीत के रूप में देखा जा रहा है। मामले की प्रभावी पैरवी अधिवक्ता विक्रम मंडान और राजेंद्र चांदी ने की। अदालत ने स्पष्ट किया कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोप साबित नहीं हो सके, इसलिए सभी आरोपियों को सम्मानपूर्वक बरी किया जाता है।

### जमीनी की सौदेबाजी में 1.77 करोड़ की ठगी, तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

■ पट्टी जट्टान में पांच कनाल सात मरला जमीन की खरीद फरोख्त को लेकर हुई थी सौदेबाजी

**अंबाला।** पट्टी जट्टान में 5 कनाल 7 मरला जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर 1.77 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जोगीवाड़ा निवासी प्रीतपाल सिंह और मथुरा नगरी निवासी सर्वजोत सिंह ने शिकायत में बताया कि डडियाना गांव के दर्शन सिंह ने खुद को अधिकृत एजेंट बताकर जमीन बेचने का सौदा कराया और 24 मई 2025 को इकरारनामा कराया। इसके बाद अलग-अलग खातों में बयाना और भुगतान की राशि ट्रांसफर कर दी गई।आरोप है कि जुलाई 2025 में बैठक में भी सौदे की पुष्टि की गई, लेकिन बाद में पता चला कि आरोपियों के पास जमीन का कोई मालिकाना हक ही नहीं था। पुलिस ने दर्शन सिंह, निर्मल सिंह और रिखी राम के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

### सुरक्षित महिला ही सशक्त समाज की आधारशिला: प्रो. सोमनाथ सचदेवा



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और समानता सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) ने वर्ष 2025 में ऐसा सुरक्षित, संवेदनशील और विश्वासपूर्ण वातावरण विकसित किया, जहाँ पूरे वर्ष यौन उत्पीड़न से संबंधित एक भी शिकायत दर्ज नहीं हुई। यह उपलब्धि केवल प्रशासनिक सफलता नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित पारदर्शिता, जागरूकता और मानवीय मूल्यों की सशक्त अभिव्यक्ति मानी जा रही है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि आंतरिक शिकायत समिति केवल शिकायतों के निवारण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य महिलाओं के लिए ऐसा शैक्षणिक एवं कार्यस्थलीय वातावरण तैयार करना है, जहां वे पूर्ण सम्मान, आत्मविश्वास और सुरक्षा के साथ कार्य एवं अध्ययन कर सकें।

# प्रतिबंधित 3600 कैप्सूल के साथ दो युवक गिरफ्तार

■ एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने आरोपियों को कलानौर नाका बॉर्डर से पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने कलानौर नाका बॉर्डर से कार सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध 3600 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार एंटी नाकोटिक सेल की टीम में तैनात एएसआई अमित कुमार ने बताया कि वह देर शाम टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि दो युवक ऑल्टो कार में सवार होकर उत्तर प्रदेश से नशीले प्रतिबंधित कैप्सूल लेकर यमुनानगर आएंगे। सूचना मिलते ही उन्होंने कलानौर नाका बॉर्डर पर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्हें एक ऑल्टो कार आती दिखाई दी। जब उन्होंने कार को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसमें से 3600 प्रतिबंध स्पेस मोर कैप्सूल बरामद हुए। इन कैप्सूल पर सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाया हुआ है। जिनकी कीमत करीब 45 हजार रुपये है। पूछताछ के दौरान आरोपियों की पहचान गांव टेही जाट्टान निवासी सूरजभान उर्फ सूरज तथा रोहित उर्फ टिड्डा के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है।

## घाटों पर लगे मेले, भंडारे और छबीलों में भारी भीड़

*सुरक्षा के लिए पुलिस, गोताखोर और नावों का किया गया प्रबंध*

# गंगा दशहरा पर यमुना घाटों पर उमड़ी आस्था श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर मांगी मन्नतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर/रादौर

गंगा दशहरा के पावन पर्व पर सोमवार को यमुना नदी समेत जिले भर के पवित्र सरोवरों में हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर यमुना नदी के कई घाटों पर मेले व भंडारों का आयोजन भी किया गया। सोमवार सुबह होते ही जिले भर के हजारों श्रद्धालु यमुना नदी के लापरा घाट, कमालपुर, कलानौर, जठलाना, गुमथला आदि घाटों पर अपने वाहनों में सवार होकर पहुंचना शुरू हो गए थे। शाम तक यमुना नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो गई। इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने यमुना नदी के पवित्र घाटों पर भंडारों का आयोजन किया। जबकि कुछ लोगों ने पंडितों को भोजन करवाकर पुण्य कमाया। वहीं, कपाल मोचन के तीर्थ सरोवरों, सरस्वती सरोवर व आदिबद्री में भी श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा अर्चना की।



यमुनानगर। गंगा दशहरे के अवसर पर यमुना के घाट पर स्नान करते श्रद्धालु।

### ब्राह्मणों को करवाया भोजन

गंगा दशहरा पर्व पर खास बात यह रही कि यमुना नदी पर अधिकांश नव-दंपतियों ने पहुंचकर स्नान किया और ब्राह्मणों को भोजन करवाया। मान्यता है कि वर्ष भर में परिणय सूत्र में बंधने वाले नवदंपत्तियों को गंगा दशहरा पर्व के मौके पर यमुना नदी पर जाकर ब्राह्मणों को भोजन करवाने से उन्हें संतान सुख मिलता है। यही नहीं ऐसा करने से नव दंपति पर यमुना मां की असीम कृपा बनी रहती है। वहीं, छोटे बच्चों की चोटियां भी मां यमुना नदी के तट पर काटकर पूण्य कमाया गया।

### मेले में की खरीदारी

जिले के साथ लगती सीमा से सटी यमुना नदी के करीब 20 किलोमीटर तक के हथनीकुंड बैराज से लेकर गुमथलाराव तक कई स्थानों पर मेलों का आयोजन किया गया। इस दौरान मेले में जहां बच्चों के खिलौनों की अस्थाई दुकानों को आकर्षक रूप से सजाया गया था वहीं, यमुना घाटों पर तरबूज व खरबूजों की बिक्री हुई।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

गंगा दशहरा पर्व के मौके पर यमुना के घाटों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। इस दौरान पुलिस ने मेले में कड़ी सुरक्षा चौकसी बरती। यमुना नदी के घाटों पर प्रशासन ने नाव आदि का भी प्रबंध किया। जिसमें सुरक्षा कर्मचारियों व गोताखोरों ने बैठकर नदी में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षा प्रदान की। वहीं, गंगा दशहरा पर्व पर घाटों पर छबीलें लगाई गईं।

### गंगा दशहरा आस्था और संस्कृति का प्रतीक : डॉ. मिश्र

**थानेसर।** गंगा दशहरा भारतीय सनातन परंपरा का एक पावन पर्व है जो आध्यात्मिक शुद्धि के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और जल के महत्व का संदेश देता है। गंगा दशहरा का पर्व आस्था, तपस्या और भारतीय संस्कृति की अविरल धारा का प्रतीक है। गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने यह विचार मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा स्वस्तिवाचन से हुआ। इस अवसर पर मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों को पेय सामग्री भेंट की गई।

## भूमिगत जल संरक्षण अध्यादेश 2009 के तहत 15 जून से पहले धान की रोपाई प्रतिबंधित

# धान की अगेती रोपाई करने वाले किसानों पर होगी कार्रवाई : डबास

जिला उप कृषि निदेशक आदित्य प्रताप डबास ने समय से पहले धान की रोपाई नहीं करने के लिए किसानों से किया आह्वान

■ अगेती धान की रोपाई करने वाले पांच किसानों को कृषि विभाग के अधिकारियों ने थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला कृषि विभाग ने धान की अगेती रोपाई करने वाले किसानों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इस क्रम में उपमण्डल कृषि अधिकारी जगाधरी डॉ. अजय नरवाल व खंड कृषि अधिकारी जगाधरी डॉ. संतोष कुमार द्वारा गांव नाहरपुर में पांच किसानों को अगेती धान की रोपाई करने पर नोटिस दिए हैं। इन किसानों द्वारा लगभग 13 एकड़ में धान की अगेती रोपाई की गई। उप कृषि निदेशक आदित्य डबास ने बताया कि हरियाणा सरकार के भूमिगत जल संरक्षण अध्यादेश 2009 अनुसार 15 मई से पहले धान की नर्सरी बिजाई व 15 जून से पहले धान की रोपाई करना प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि गांव नाहरपुर में अगेती रोपाई करने वाले सभी किसानों को नोटिस दिया गया है। किसानों को नियमों की जानकारी देकर उन्हें पांच दिन के अंदर अंदर धान की अगेती रोपाई को नष्ट करने का मौका दिया गया है। किसानों द्वारा नोटिस की अवहेलना किए जाने पर विभाग द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। उन्होनें किसानों का आवाहन किया कि धान की रोपाई 15 जून से पहले न करें । क्योंकि अगेती धान में समय की बिजाई से दुगना पानी लगता है और भूमिगत जल बचाना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि अगेती धान की रोपाई 15 जून से पहले करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



यमुनानगर। धान की अगेती रोपाई करे वाले किसान को नोटिस देते कृषि अधिकारी।

## रादौर के मंडी चौक से नामदेव तक चार करोड़ की लागत से बनेगी सड़क : मलिक

रादौर। नगर पालिका रादौर द्वारा कस्बा के मंडी चौक से नामदेव चौक तक जल्द ही सड़क का निर्माण करवाया जाएगा। सड़क के निर्माण कार्य पर करीब चार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उक्त जानकारी नगर पालिका रादौर के सचिव सुरेंद्र मलिक ने सोमवार को दी। नपा सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि रादौर के मंडी चौक से लेकर नामदेव चौक तक के सड़क मार्ग का निर्माण जल्द ही करवाया जाएगा। ताकि लोगों को आवागमन में आसानी हो सके। सड़क मार्ग के दोनों ओर गंदे व बरसाती पानी की निकासी के लिए नालों का निर्माण करवाया जाएगा। नपा सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि कस्बा के इस मुख्य सड़क मार्ग से हर दिन हजारों लोगों की आवाजाही होती है। जिसको देखते हुए इस सड़क मार्ग को प्राथमिकता के आधार पर बनाया जा रहा है। वहीं, कस्बा से गुजर रहे एसके रोड के डिवाइडर पर जल्द ही लोहे की ग्रील लगवाई जाएगी। जबकि डिवाइडरों पर नई लाइटें व खंभे लगवाए जाएंगे। इसको लेकर प्रक्रिया चल रही है। रादौर में अस्पताल रोड पर मॉडर्न शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। मेन बाजार के दुकानदारों की मांग पर मॉडर्न शौचालय का निर्माण किया जा रहा है।



यमुनानगर। रादौर में सड़क निर्माण के बारे में जानकारी देते नपा सचिव सुरेंद्र मलिक।

### सफाई का ठेका दिया

मानसून को देखते हुए सभी नाले व नालियों की सफाई को लेकर ठेकेदार को ठेका दिया जा चुका है। जिससे बरसात के समय कस्बाे में बरसाती पानी की ठीक प्रकार निकासी हो सके और लोगों को परेशानी न झेलनी पड़े। कस्बा में गर्मी को देखते हुए कुछ स्थानों पर नगरपालिका की ओर से वाटोर कूलर भी लगवाए जाएंगे।

## हीट वेब के कहर से बचने को पेड़ों की छांव तलाशते दिखे लोग

# तापमान पहुंचा 41 के पार, भीषण गरमी से जनमानस हुआ हलकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में पिछले एक सप्ताह से मौसम में भीष्ण गर्मी व हीट वेब चलने से लोग हलकान हो रहे हैं। सोमवार को भी दिन भर मौसम में गर्मी की तपिश बढ़ी रही और हीट वेब चलने से लोग पसीना-पसीना होते रहे। जिससे बचने के लिए लोग मारे-मारे घूमते रहे। मौसम में गर्मी की तपिश बढ़ने से सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 41 डिग्री व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सोमवार सुबह करीब आठ बजे तक मौसम सामान्य रहा। मगर जैसे ही दिन बढ़ने लगा गर्मी की तपिश और हीट वेब ने लोगों को हलकान कर दिया। मकानों में लगे पंखे गर्म हवा फेंकने लगे। जिसकी वजह से बच्चे, महिलाएं व बुजुर्ग परेशान हो गए। इस दौरान ग्रामीण इलाके में अधिकांश लोग आसपास पेड़ों की छांव में बैठकर गर्मी की तपिश से राहत पाने की कोशिश करते दिखे। वहीं, जिन लोगों के पास घरों में एसी हैं वह अपने कमरों में दिन भर बंद हो गए। जबकि गरीब लोग हाथों का पंखा झलने व पेड़ों की छांव का सहारा लेकर गर्मी से राहत पाते दिखाई दिए। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 41 डिग्री व न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा। जिससे दिन भर मौसम में गर्मी के साथ-साथ लू ने लोगों को खूब तड़पाया।



यमुनानगर। दोपहर के समय पार्क में पेड़ों की छांव में बैठकर गर्मी से राहत पाते लोग। फोटो : हरिभूमि

### बारिश नहीं हुई तो फसलों को होगा नुक्सान

किसान महेंद्र पाल सिंह, गुरदेव सिंह, शोभित, रविश कुमार, सतीश, रविंद्र, दलीप सिंह, पवन कुमार, सुखविंद्र सिंह व राजबीर सिंह आदि ने बताया कि इस समय खेतों में शिमला मिर्च व टमाटर समेत सब्जी की अन्य फसलें खेतों में खड़ी हैं। मगर पिछले कई दिन से आसमान से टपक रही आग में जहां टमाटर की फसल झूलस रही है। वहीं, शिमला मिर्च की फसल में भी गर्मी का बूरा असर पड़ रहा है। इस दौरान ना तो बारिश हो रही है और ना ही सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिल रही है। यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो फसलों पर बूरा असर पड़ सकता है।

## दो जून तक चलेगा नौतपा खूब सताएगी गरमी

रादौर। कस्बा रादौर के पुजारी अवध बिहारी पांडे ने बताया कि रोहिणी नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश आज 25 मई को हो गया है। इसके साथ ही नौतपा की शुरुआत हो गई है। जो 2 जून तक चलेगा। उन्होंने बताया कि नौतपा के इन 9 दिन जबरदस्त गर्मी पड़ेगी, जिस कारण तापमान बहुत अधिक बढ़ सकता है। सूर्य के रोहिणी में प्रवेश के पहले 9 दिनों को नौतपा के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि नौतपा के सभी 9 दिन पूरी तरह से तपे तो यह अच्छी बारिश का संकेत होता है। रोहिणी नक्षत्र का अधिपति ग्रह चंद्रमा है जो शीतलता का प्रतीक है, जबकि सूर्य को तेज और प्रताप का प्रतीक माना गया है। सूर्य जब चन्द्र के नक्षत्र रोहिणी में प्रवेश करता है तो वह रोहिणी को अपने प्रभाव में ले लेता है। ग्रहों में भी अस्त-व्यस्तता हो जाती है। इसी वजह से तापमान में बढ़ोतरी हो जाती है। तापमान बढ़ जाने के कारण ही मौसम में तब्दीली होती है। आंधी और तूफान भी आने लगते हैं। उन्होंने बताया कि नौतपा में पृथ्वी और सूर्य काफी नजदीक आ जाते हैं। इस समय रोहिणी की शुभता और कोमलता पर सूर्य के अग्नि तत्व का असर पड़ता है। सूर्य की रोशनी सीधे लम्बवत पड़ने से पृथ्वी पर गर्मी में तेजी आ जाती है। इस बीच अगर नौतपा के दौरान बारिश हो जाती है, तो उसे नौतपा का गलना कहा जाता है।



यमुनानगर। रादौर में नौतपा के बारे में जानकारी देते पुजारी अवध बिहारी पांडे। फोटो : हरिभूमि

## 12वां प्रबुद्ध सम्मेलन 31 मई को, हिस्सा लेगा सर्व समाज



यमुनानगर। रादौर में संस्था के संयोजक का स्वागत करते भारतीय दलित साहित्य अकादमी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

संविधान बचाओ समाज बचाओ संस्था की ओर से रविवार 31 मई को डॉ.अंबेडकर भवन नजदीक गाबा अस्पताल यमुनानगर में 12वें प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सर्व समाज के लोग भाग लेने पहुंचेंगे।

संस्था के संयोजक अनिल रंगा की ओर से भारतीय दलित साहित्य अकादमी के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह पिंकी के नेतृत्व में सदस्यों ने रादौर में पहुंचने पर संयोजक अनिल रंगा का फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को लेकर भारतीय दलित साहित्य अकादमी के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह पिंकी को निमंत्रण पत्र दिया गया। इस अवसर पर अनिल रंगा ने कहा कि संविधान बचाओ समाज बचाओ आंदोलन को लेकर संस्था की ओर से 11 सम्मेलन कर सभी को एक मंच पर आने का निमंत्रण दिया गया। कार्यक्रम में आईपीएस, पूर्व डीजीपी पृथ्वी राज अति वशिष्ठ अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सह संयोजक हरियाणा अशोक कलसन करेंगे। जिला प्रधान धर्म सिंह पिंकी ने कहा कि सर्व समाज को एक मंच पर एकत्रित करना समाज हित में अच्छी शुरूआत है। वह अपने सहयोगियों के साथ कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को कामयाब बनाएंगे। मौके पर पूर्व सरपंच पवन कुमार, हिसम सिंह लालर, बलबीर सिंह, मनोज कुमार, सुरेश सैनी, सोहेल कश्यप, दर्शनलाल, ज्ञानीराम, राजकुमार, रामगोपाल, ईश्वर दयाल, जगीर सिंह, राजकुमार आदि मौजूद थे।

# श्रीमद्भागवत कथा का उद्देश्य मनुष्य को ईश्वर से जोड़ना

■ रादौर के खेड़ा मोहल्ले में कथा के समापन के बाद भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के खेड़ा मोहल्ला स्थित प्राचीन खेड़ा परिसर में चल रही आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत समापन हो गया। कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने कथाव्यास संत आत्मानंद पुरी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कथा के समापन पर कथाव्यास संत आत्मानंद पूरी ने श्रद्धालुओं को समझाया कि श्रीमद्भागवत कथा की महिमा सुनने से भगवान से सीधा जुड़ने का अवसर मिलता है। श्रीमद्भागवत कथा श्रीकृष्ण के श्रीमुख से निकली है। श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक ग्रन्थ नहीं है। बल्कि साक्षात श्री कृष्ण का स्वरूप व मोक्ष का मार्ग है। इसके श्रवण से मन निर्मल होता है। जन्म जन्मांतर के पाप नष्ट होते हैं। जीव को संसार के मोह माया से मुक्त होकर परमेश्वर की भक्ति प्राप्त होती है। श्रीमद्भागवत कथा का मूल उद्देश्य मनुष्य को परमपिता परमात्मा से जोड़ना है। यह हमें संसार से भागना नहीं है। बल्कि सांसारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए ईश्वर की भक्ति में लीन रहना सिखाती है। कथा समाप्ति पर श्रद्वालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें सैंकड़ों श्रद्वालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं व आयोजकों ने कथाव्यास संत आत्मानंद पूरी को सम्मानित किया।



यमुनानगर। रादौर में श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर कथाव्यास आत्मानंद पुरी से प्रसाद प्राप्त कर खुशी जताते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

# पुण्यतिथि पर फिल्म अभिनेता सुनील दत्त को किया याद

रोटरी क्लब रादौर के तत्वावधान में मनाई पुण्यतिथि, दत्त साहब को हिंदू-मुस्लिम एकता का पैरोकार बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रोटरी क्लब रादौर की ओर से सोमवार को प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता व कांग्रेसी नेता सुनील दत्त की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर क्लब के सदस्यों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

क्लब के प्रधान सरदार हरजीत सिंह ने बताया कि प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता व कांग्रेसी नेता सुनील दत्त का जन्म 6 जून 1929 को अविभाजित पंजाब के झेलम जिले में हुआ था। उनकी शिक्षा मुंबई के जय हिन्द कॉलेज में हुई। अभिनय में इनकी काफी रुचि थी। इस क्षेत्र में इन्होंने शीघ्र ही अपनी पहचान बना ली थी। समय के साथ-साथ वे सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। दिनोंदिन उनके चाहने वालों की संख्या बढ़ती गई।

उनकी पहली फिल्म रेलवे स्टेशन थी जो 1955 में बनी थी। 1957 में बनी फिल्म मदर इंडिया बहुत बड़ी हिट फिल्म थी। इस फिल्म ने उन्हें बॉलीवुड का स्टार बना दिया। उन्होंने 50 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया और कई फिल्मों का निर्माण और निर्देशन भी किया। 2003 में बनी फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस उनकी बतौर अभिनेता अंतिम फिल्म थी। इस फिल्म में उन्होंने अपने पुत्र संजय दत्त के पिता की भूमिका निभाई थी। उन्हें पद्मश्री सहित कई सम्मानों से नवाजा गया। 2005 में उनको हिंदी सिनेमा का सबसे बड़े पुरस्कार दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुनील दत्त एक कुशल सामाजिक कार्यकर्ता भी थे। महाराष्ट्र सरकार ने उन्हें 1975 में जस्टिस ऑफ पीस और 1981 में शैरिफ बनाया। 1962 में चीन से युद्ध के दौरान् उन्होंने एक लाख का चंदा राष्टÑीय सुरक्षा कोष में दिया। सैनिकों के मनोरंजन के लिए अजंता आर्ट दल का गठन किया। युद्ध के दौरान सैनिकों का न सिर्फ मनोबल बढ़ाया बल्कि उनकी मदद भी की। उनकी शादी नरगिस के साथ हुई जिनकी मौत कैंसर के कारण हो गई। इसके बाद सुनील दत्त ने एक कैंसर हॉस्पिटल नरगिस स्मारक फाउंडेशन की स्थापना की। 1984 में कांग्रेस के लिए लोकसभा में चुने गए। 2004 में मनमोहन सिंह की सरकार में खेल एवं युवा मिनिस्टर बने। 25 मई 2005 को इनका निधन हो गया। सुनील दत्त हिन्दू मुस्लिम एकता के जबरदस्त पैरोकार थे। वे एक बहुत ही सरल स्वभाव के और सबके लोकप्रिय नेता थे।



यमुनानगर। रादौर में अभिनेता सुनील दत्त की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते रोटरी क्लब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को दिए निर्देश

# ऐतिहासिक दस्तावेजों के संरक्षण को उपलब्ध करवाएं संसाधन

कहा- राज्य की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित रखना प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने राज्य के ऐतिहासिक दस्तावेजों, अभिलेखों एवं महत्वपूर्ण रिकॉर्ड के संरक्षण और डिजिटलीकरण को लेकर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी उपायुक्तों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि पुराने दस्तावेज राज्य की ऐतिहासिक धरोहर हैं और इनके सुरक्षित संरक्षण के लिए जिला स्तर पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व रिकॉर्ड, पुराने सरकारी अभिलेख, ऐतिहासिक पत्राचार तथा महत्वपूर्ण दस्तावेजों को व्यवस्थित रूप से सुरक्षित रखा जाए। सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए गए कि जिला स्तर पर रिकॉर्ड रूम की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा दस्तावेजों की सुरक्षा के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाए जाएं। बैठक में अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि ऐतिहासिक महत्व के दस्तावेजों की पहचान कर उनकी सूची तैयार की जाए और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। राज्य की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित रखना प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

यमुनानगर की जिला उपायुक्त प्रीति ने जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनके सुरक्षित संरक्षण के लिए सभी विभाग गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि राजस्व रिकॉर्ड, पुराने सरकारी पत्राचार, भूमि संबंधी दस्तावेज तथा अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों को व्यवस्थित ढंग से सुरक्षित रखा जाए। साथ ही रिकॉर्ड के डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया को तेज करते हुए उन्हें ऑनलाइन पोर्टल पर सुरक्षित करने की दिशा में कार्य किया जाए, ताकि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर इनका उपयोग आसानी से किया जा सके।

उन्होंने कहा कि कई विभागों में वर्षों पुराने रिकॉर्ड रखरखाव के अभाव में खराब होने की स्थिति में हैं। ऐसे में संबंधित विभाग समयबद्ध योजना बनाकर रिकॉर्ड संरक्षण कार्य को प्राथमिकता दें। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को ऐतिहासिक महत्व के दस्तावेजों की पहचान कर उनकी सूची तैयार करने तथा विशेष संरक्षण अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। जिला की ऐतिहासिक विरासत एवं महत्वपूर्ण अभिलेखों को सुरक्षित रखना प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देतीं उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि



## समाज को सशक्त बनाने के लिए ईमानदारी से करें कार्य : टोपरा

रादौर। गुरु रविदास मंदिर कमेटी टोपरा कलां द्वारा संत रामानंद के शहीदी दिवस के उपलक्ष में गांव में जल सेवा कार्यक्रम के तहत मीठे जल की छबील लगाई गई। इस दौरान छबील का शुभारंभ किसान नेता संदीप टोपरा ने मुख्यातिथि के रुप में राहगिरों को मीठा जल पिलाकर किया। मौके पर आयोजकों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। मुख्यातिथि एवं किसान नेता संदीप टोपरा व विशिष्ठ अतिथि मंदीप ने कहा कि संत रामानंद ने पूरी दुनिया को गुरु रविदास व बाबा साहेब के विचारों का प्रचार प्रसार करके संदेश दिया। समाज में मानवता भाईचारा सद्भावना व देशभक्ति के लिए प्रेरित किया। हमें उनके नक्शे कदम पर चलकर समाज को उन्नत व सशक्त समाज बनाना चाहिए। उन्होंने युवाओं को नशा जैसी बुराइयों को छोड़कर देश और समाज के विकास में योगदान दिए जाने के लिए आहवान किया। मौके पर आयोजित छबील में सैंकड़ो राहगिरों ने मीठा जल पीकर अपनी प्यास बुझाई। इस अवसर पर मंदिर कमेटी प्रधान लाभ सिंह, बलराम पूर्व पंच, महिंद्र पूर्व पंच, रोहित, अभिषेक, विशाल, रणबीर, रितिक, विकास, अशोक, सुभम, सागर, पंकज, निखिल, मांगा, चेतन व मोहित आदि मौजूद रहे।

## विपक्षी दलों से जुड़े लोगों ने तेल कंपनियों की पेट्रोलियम पदार्थों में की गई वृद्धि की कड़े शब्दों में निंदा की

# पेट्रोलियम पदार्थों में वृद्धि से आम जनता परेशान, लोगों का घरेलू बजट बिगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पेट्रोलियम पदार्थों में लगातार हो रही मूल्य वृद्धि से आम जनता बेहद परेशान है। तेल की कीमतों में आए उछाल से घरेलू बजट बिगड़ गया है, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है, तथा लोग महंगाई कम करने के लिए, करों में कटौती की मांग कर रहे हैं।

विपक्षी दलों से जुड़े लोगों ने तेल कंपनियों द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों में की गई वृद्धि की कड़े शब्दों में निंदा की है। कांग्रेस ओबीसी सैल के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सैनी भिवानीखेड़ा, आम आदमी पार्टी के नेता विशाल खुब्बड़ व इम्पूरवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा ने कहा कि इस वृद्धि से लोगों पर महंगाई की और मार पड़ेगी और यह वृद्धि लोगों की आर्थिक बोझ बनेगी। उनका कहना है कि पहले से ही देश के अंदर महंगाई का आलम है और ऊपर से तेल कंपनियों ने पेट्रोल 2.61 व डीजल के रेट में 2.71 रुपये की बढ़ोतरी की है जोकि उपभोक्ताओं के हितों के साथ खिलवाड़ है। उनका कहना है कि पेट्रोलियम पदार्थों में की गई वृद्धि से पेट्रोल के दाम 100 रुपये के पार पहुंच गए हैं और डीजल के दाम भी 95 रुपये पर को पार कर गए हैं। जिसके चलते फल व सब्जियां महंगी होगी और ट्रांसपोर्ट भी महंगा होगा।

वहीं आम आदमी पार्टी लीगल सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर लाल गोयल का कहना है की पांच राज्यों के चुनाव के खत्म होते ही केंद्र सरकार ने जनता पर महंगाई का बम फोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि अभी तो यह महंगाई की शुरुआत है आने वाले दिनों में महंगाई का और झटका लगने वाला है। इनेलो हलका थानेसर के अध्यक्ष कृष्ण बुरा किरचम ने कहा कि दाम बढ़ने से लोगों का आर्थिक बजट गड़बड़ा गया है। लोग पहले ही महंगाई से जूझ रहे हैं। ऊपर से केंद्र सरकार ने चीजों के दाम बढ़ा दिए हैं। ऐसे में आने वाले दिन और भी उपभोक्ताओं के लिए भयावह साबित होने वाले हैं। लोगों का डर है कि सरकार लोगों को अमेरिका व ईरान का युद्ध का डर दिखाकर और चीजों में बढ़ोतरी करने वाली है।

**पांच राज्यों के चुनाव खत्म होते ही केंद्र सरकार ने महंगाई का बम फोड़ा**


कांग्रेस ओबीसी सैल के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सैनी।


आम आदमी पार्टी नेता विशाल खुब्बड़।


इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा।


आप लीगल सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर लाल गोयल।


इनेलो हलका थानेसर के अध्यक्ष कृष्ण बुरा किरचम।



## माता गायत्री की पूजा एवं महायज्ञ मानव कल्याण का सर्वश्रेष्ठ माध्यम

**पिहोवा।** श्रीदक्षिणा काली पीठ मॉडल टाउन में महामंडलेश्वर सुश्री स्वामी विद्या गिरी महाराज एवं पीठ के श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज के सानिध्य में सप्त दिवसीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन आज प्रायश्चित प्रयोग, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश पूजन, अग्नि स्थापन के साथ शुरू किया गया। इस दौरान सभी महात्माओं एवं श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाल यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। जानकारी देते हुए पीठ के व्यवस्थापक स्वामी खटवांग पुरी ने बताया कि इस कार्यक्रम में आचार्य डॉ. अभिषेक कुश सहित अनेक ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोंचारण कर विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई। जिसमें दूर दराज से संत महात्माओं,यजमानों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि 26 मई से पूजन के साथ गायत्री महायज्ञ आरम्भ होगा। महामंडलेश्वर सुश्री स्वामी विद्या गिरी महाराज व श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज ने मंडप प्रवेश का पूजन कर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि माता गायत्री की पूजा-अर्चना एवं महायज्ञ मानव कल्याण का सबसे श्रेष्ठ माध्यम हैं।

## नौतपा के पहले ही दिन गर्मी ने दिखाए तेवर, पारा 42 डिग्री के पार पहुंचा

# गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल, जनजीवन अस्त-व्यस्त


कुरुक्षेत्र। ब्रह्मसरोवर पर स्नान के लिए पहुंचे श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने ब्रह्मसरोवर में लगाई डुबकी

गंगा दशहरा के अवसर पर सोमवार को श्रद्धालुओं ने धर्मनगरी के ब्रह्मसरोवर में डुबकी लगाई व पूजा अर्चना की। इस दिन ब्रह्मासरोवर के घाटों पर दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। आमतौर पर गंगा दशहरा के दिन गंगा में स्नान का अधिक महत्व है। लेकिन इस शुभ अवसर पर धर्मनगरी पहुंचे लोगों ने ब्रह्मासरोवर में ही स्नान कर पूजन किया। ऐसी मान्यता है कि इस दिन स्नान करने से गंगा मैया की पूजा अर्चना करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। हिदू धर्म में गंगा दशहरा का बहुत महत्व है। गंगा दशहरा ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की दशमी को पूरे भारत में बड़ी धूम-धाम से मनाया जाता है। इस बार देश भर में गंगा दशहरा सोमवार को मनाया गया। गंगा दशहरा के दिन मां गंगा में डुबकी लगाई जाती है और दान पुण्य किये जाते हैं। ऐसा कहा जाता है कि गंगा दशहरा के दिन गंदा नदी में नहाने से शारीरिक कष्टों के साथ-साथ मानसिक कष्ट भी दूर होते हैं। ऐसा भी माना जाता है कि अगर कोई श्रद्धालु गंगा में नहाने नहीं जा सकता तो वह किसी भी नदी में नहा कर पूजन कर सकता है।

■ दुकानदार भी दिनभर ग्राहकों के इंतजार में ठाले ही बैठकर तपते रहते हैं। हीट वेव का रात में भी दिख रहा है कहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

सोमवार से नौतपा शुरू हुआ और पहले दिन ही गर्मी ने अपने आगे के तेवर का अहसास करा दिया। गर्मी से लोग परेशान हैं। उमस भरी गर्मी और तीखी धूप ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहर का पारा 42 के पार पहुंच चुका है। मौसम वैज्ञानिक की मानें तो अभी हाल-फिलहाल इससे राहत मिलने के आसार नहीं दिख रहे हैं।

सूरज की किरणों से दिन में तपने वाली धरती रात में भी ठंडी नहीं हो पा रही है। लोग मजबूरीवश घरों में दुबकने पर मजबूर हो गये हैं। दोपहर में सड़कों व बाजार में सन्नाटा छाया रहता है। दोपहर में लू के थपेड़ों के कारण सड़कें सूनी हो गई। बाजार में लोगों की आवाजाही खत्म होने से शाम तक सन्नाटा छाया रहा। दुकानदार भी दिनभर ग्राहकों के इंतजार में ठाले ही बैठकर तपते रहते हैं। हीट वेव का कहर रात में भी दिख रहा है। रात करीब 8 बजे तक गर्मी से आमजन त्रस्त है। गर्म हवाएं चलने से पंखे व कूलर भी गर्म हवा फेंक रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि गर्मी से डिहाइड्रेशन की समस्या बढ़ जाती है, जिससे लोग बीमार पड़ रहे हैं। इससे बचने के लिए वसायुक्त भोजन से परहेज करें। दोपहर में घर से बाहर निकलते वक्त सर को तौलिये से ढ़क कर रखें। आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकले। वहीं पारा चढ़ने के कारण लोगों के घरों में कूलरों से भी राहत नहीं मिल रही है। तेज धूप से छतों पर रखी टंकियों व नलों से खौलता हुआ गर्म पानी आ रहा है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। लो वोल्टेज व अघोषित बिजली कटौती रही सही कसर पूरी कर रही है। फ्रिज में रखे बोतलों में पानी ठंडे नहीं हो रहे हैं। गर्मी का असर ऐसा है कि देर रात तक लोगों को राहत नहीं मिल रही।

## न्यूज डायरी



### डी. फामेर्सी प्रथम वर्ष की परीक्षाएं शुरू

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड पंचकुला के द्वारा 2 वर्षीय पाठ्यक्रम डी. फामेर्सी की प्रथम वर्ष की परीक्षाए सोमवार को आरंभ हुई है। गत 22 मई से द्वितीय वर्ष की परीक्षाए शांतिप्रिय तरीके से संपन्न हो रही हैं। डॉ बीआर अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी मथाना संस्थान के सचिव उमंग कटारिया ने बताया की उनके प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष दोनों के ही विद्यार्थी राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान उमरी में होने वाली डी फामेर्सी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया फामेर्सी में सुनहरा बेहतर भविष्य और उज्ज्वल कैरियर है और नए सत्र 2026-27 के लिए दाखिला आरंभ कर दिया गया है। अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के विद्यार्थी हरियाणा सरकार के द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजना के तहत की प्रवेश ले सकते हैं। डी फामेर्सी में नए 2 वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए बारहवी में पीसीएम और पीसीबी 50 प्रतिशत अंकों से पास विद्यार्थी लड़के और लड़कियां दोनों ही प्रवेश ले सकते हैं।




### युवा प्रतिनिधियों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आयोजित दो दिवसीय इंटरनेशनल मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन के दूसरे दिन विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी, बौद्धिक चर्चाएं और उत्कृष्ट प्रस्तुतियाँ देखने को मिलीं। विद्यार्थियों को विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर विचार व्यक्त करने के लिए उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। सम्मेलन के समापन समारोह में विद्या भारती शिक्षण संस्थान, उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री विजय कुमार नड्डा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विद्या भारती शिक्षण संस्थान उत्तर क्षेत्र के महामंत्री दिलाराम चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। गुरुकुल के प्राचार्य सुबेय प्रताप ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथियों ने युवा प्रतिनिधियों के उत्साह और प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उन्हें मजबूत नैतिक मूल्यों और वैश्विक दृष्टिकोण के साथ जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।



### व्यक्तित्व विकास में संगीत का बड़ा महत्व

**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से गतिमान श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रसिद्ध संगीतज्ञ एवं मुख्य वक्ता डा. सुधीर शर्मा, संगीत अध्यापक घनश्याम एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यशाला में व्यक्तित्व विकास में संगीत का महत्व विषय पर शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। अपने प्रशिक्षण सत्र में विशेषज्ञ डा. सुधीर शर्मा ने बताया कि संगीत और योग के माध्यम से हम अपने कार्य संबंधी तनाव को कैसे दूर कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इन विधियों को अपनाकर अध्यापन कार्य को अधिक प्रभावशाली एवं सकारात्मक बनाया जा सकता है। मंच का संचालन दुर्गा सदन की अध्यापिका कविता ने किया। इस अवसर पर मोनिका मेहता, कविता, वंदना, प्रमिला, रंजना शर्मा, अनुराग एवं सिमरन सहित अन्य अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।



### महान ऋषियों में शामिल थे कश्यपः राजबीर

**थानेसर।** कश्यप धर्मशाला कुरुक्षेत्र में महर्षि कश्यप जयंती श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कश्यप सभा के सदस्यों और ग्रामीणों ने मिलकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें पूरे संस्था के सदस्य सहित आस पास के लोगो ने भाग लिया। कश्यप राजपूत सभा के द्वारा कश्यप धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रांगण में सबसे पहले हवन यज्ञ किया गया। उसके बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। सभा के प्रधान एडवोकेट राजबीर कश्यप सहित सभा के तमाम सदस्य ने महर्षि कश्यप मंदिर में पूजन किया। इस मौके पर प्रधान राजबीर कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा के महान ऋषियों में से एक हैं। उनके आदर्श समाज में एकता, सद्भाव और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। प्रधान राजबीर कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप महान परोपकारी और प्रजापालक थे। उन्होंने समाज को नई दिशा देने के लिए स्मृति ग्रंथ और कश्यप संहिता जैसे महान ग्रंथों की रचना की।

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**कुरुक्षेत्र।** पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता जागरूकता, पुनर्चक्रण तथा भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन को समर्पित वेस्ट टू वंडर एक दिवसीय कला आयोजन का सफल आयोजन पर्यटक सूचना एवं सुविधा केंद्र, अर्जुन चौक, कुरुक्षेत्र में किया गया। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिला कलाकारों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अनुपयोगी एवं बेकार सामग्री को आकर्षक कलाकृतियों में परिवर्तित कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में वेस्ट से बेस्ट की भावना को प्रोत्साहित करना, पुनर्चक्रण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा महिलाओं की रचनात्मक क्षमता को मंच प्रदान करना रहा। आयोजन के दौरान प्रतिभागियों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों का अवलोकन करते हुए कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने सभी कलाकारों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### शाइनिंग स्टार 2026 समारोह में 16 प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** भगवती वेलफेयर सोसायटी एवं सीटी यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में शाहाबाद स्थित आर्य कन्या महाविद्यालय के सभागार में आयोजित शाइनिंग स्टार 2026 सम्मान समारोह में नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 16 मेधावी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। इस आयोजन में कक्षा 12वीं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के जिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने यह सम्मान प्राप्त किया उनमें वंशिका, धनिष्ठ, प्रार्थना, शिवानी, पायल, नंदिनी, मनन, शिवम, सागर, योगेश, नित्या आनंद, पल्लवी, सिमरन, दक्ष, कोमल एवं दिलप्रीत शामिल रहे। समारोह के दौरान विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिन्ह प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें निरंतर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।





### नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना का लाभ हर जरूरतमंदों तक पहुंचे : सावित्री

**कुरुक्षेत्र।** हिसार की विधायक एवं पूर्व मंत्री सावित्री जिन्दल ने नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए इसे जरूरतमंद एवं मेधावी विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने यशस्वी योजना में किए गए विस्तार और इसके माध्यम से प्राइमरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को मिलने वाले लाभों की जानकारी साझा की। सावित्री जिन्दल ने नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम, समर्थकों और कार्यकतार्ओं को निर्देश देते हुए कहा कि यशस्वी छात्रवृत्ति योजना का लाभ कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक पात्र और जरूरतमंद छात्र-छात्रा तक पहुंचना चाहिए। इसके लिए ग्रासरूट स्तर पर प्रभावी ढंग से कार्य करने तथा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना समय की मांग है, ताकि वे विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि आर्थिक संसाधनों के अभाव में किसी भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी की शिक्षा प्रभावित नहीं होनी चाहिए। यशस्वी छात्रवृत्ति योजना ऐसे विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम बन रही है।

### सरकार की गलत नीतियों के कारण व्यापारी किसान और मजदूर संकट में : रीना वाल्मीकि

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की नेशनल कोऑर्डिनेटर एवं राजीव गांधी पंचायती राज्य राजस्थान प्रभारी रीना वाल्मीकि ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश का व्यापारी, किसान, मजदूर और छोटे उद्योगों से जुड़े करोड़ों लोग गंभीर संकट में हैं। प्रधानमंत्री द्वारा सोने के आभूषण न खरीदने की अपील और उसके बाद सोने-चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाने से ज्वेलरी उद्योग से जुड़े करोड़ों परिवारों की रोजी-रोटी पर सीधा हमला हुआ है। देश में ज्वेलरी और स्वर्णकार उद्योग से करोड़ों लोग जुड़े हुए हैं। यह क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था, रोजगार और निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान देता है, लेकिन भाजपा सरकार की नीतियों से यह पूरा कारोबार मंदी और असुरक्षा के दौर में पहुंच गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नोटबंदी, गलत जीएसटी, अनिवार्य हॉलमार्किंग और अब आयात शुल्क बढ़ाने जैसे फैसलों ने छोटे कारोबारियों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि सोने पर आयात शुल्क बढ़ाने से तस्करी को बढ़ावा मिलेगा और इसका नुकसान ईमानदार व्यापारियों तथा छोटे ज्वेलर्स को उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से केवल ज्वेलरी उद्योग ही नहीं बल्कि किसान, व्यापारी और मजदूर सभी परेशान हैं। बढ़ती बेरोजगारी, बंद होते एमएसएमई और महंगाई ने आम आदमी का जीवन कठिन बना दिया है। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार ज्वेलरी उद्योग और छोटे व्यापारियों के लिए विशेष आर्थिक राहत पैकेज की घोषणा करे, ताकि करोड़ों परिवारों की आजीविका सुरक्षित रह सके।



## इन दिनों लू, डिहाइड्रेशन एवं हीट स्ट्रोक जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता : डा. हिमांशु

# नौतपा के प्रचंड ताप में जनसेवा का संकल्प : निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 164 मरीजों की जांच और परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र एवं श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्वार सभा, कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में गौरी शंकर मंदिर, सेक्टर-8 में निःशुल्क सामान्य चिकित्सा, ऑर्थोपेडिक एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डॉ. हिमांशु जैन, डॉ. रूचि जैन, डॉ. लविश गर्ग, डॉ. संजय शर्मा द्वारा पूजा-अर्चना एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। गौरी शंकर मंदिर सैक्टर 8 के निर्माण एवं विकास में वरिष्ठ ब्राह्मण नेता एवं समाजसेवी अधिवक्ता जयनारायण शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व एवं अथक प्रयासों के कारण यह मंदिर आज धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक एवं जनसेवा कार्यों का भी प्रमुख केंद्र बन चुका है। डॉ. हिमांशु जैन ने कहा कि नौतपा वर्ष का सबसे गर्म समय माना जाता है, जिसमें लू, डिहाइड्रेशन एवं हीट स्ट्रोक जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे समय में पर्याप्त मात्रा में पानी, छाछ, नींबू पानी एवं अन्य तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए तथा धूप में अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि अत्यधिक गर्मी का प्रभाव शरीर के साथ-साथ मस्तिष्क पर भी पड़ता है। इसलिए मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य दोनों का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। डॉ. रूचि जैन ने महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्त्री रोग संबंधी समस्याओं पर परामर्श दिया। डॉ. लविश गर्ग ने घुटनों के दर्द, कमर दर्द, गठिया एवं जोड़ों से संबंधित रोगों के उपचार एवं बचाव के बारे में जानकारी दी। डॉ. रूचि जैन ने कहा, स्वास्थ्य सेवा केवल उपचार का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का प्रतीक है। हमारा प्रयास है कि गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रत्येक व्यक्ति तक सम्मानपूर्वक पहुंचें तथा जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का यह अभियान निरंतर आगे बढ़ता रहे।


कुरुक्षेत्र। शिविर में मरीज का चेकअप करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस सफल आयोजन में प.बलराज शर्मा, प.आशीष अवस्थी,बी डी बत्रा,मोनिका (कोऑर्डिनेटर), आशीष,मुस्कान, दीपक, प्रवीण, राहुल शर्मा, सौरभ, संदीप, कुलदीप, विक्की, गुरदेव, धीरज एवं समस्त सहयोगी टीम का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### मरीजों को ग्लूकोज के पैकेट वितरित किए

कैंप के मुख्य संयोजक एवं स्वास्थ्य सेवा समन्वयक डॉ. संजय शर्मा के कुशल नेतृत्व, उत्कृष्ट प्रबंधन एवं सेवा भावना के परिणामस्वरूप 2001वां निःशुल्क चिकित्सा शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। उनके मार्गदर्शन में 164 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें विशेषज्ञ परामर्श, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन एवं पल्स रेट की जांच के साथ निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। नौतपा की भीषण गर्मी को देखते हुए मरीजों को ग्लूकोज के पैकेट भी निःशुल्क वितरित किए गए। कार्यक्रम में श्याम सुन्दर तिवारी, प्रेमनारायण अवस्थी नगर पार्षद वार्ड नः 17, पुरुषोत्तम शास्त्री, पी. डी. गुप्ता, अशोक शर्मा,सुनील दत्त,सुरेंदर वत्स, विनोद शर्मा एवं नीलम सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. हिमांशु जैन ब्रेन एवं स्पाइन न्यूरो सर्जन, डॉ. रूचि जैन स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ. लविश गर्ग ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ को अंगवस्त्र एवं भगवान धन्वंतरि जी का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### गुरुद्वारा में महिला सेवादार का फोन चोरी

**कुरुक्षेत्र।** गुरुद्वारा 6वीं पातशाही में मोबाइल चोरी की घटना सामने आई है। यहां लंगर हाल के बाहर बर्तन सेवा कर रही महिला सेवादार का मोबाइल फोन चोरी हो गया। चोरी ये घटना गुरुद्वारा परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। इसमें एक युवक चुपके से महिला के थैले से मोबाइल चोरी कर फरार हो गया। आरोपी युवक खुद को सेवादार बताकर पिछले दो दिनों से गुरुद्वारा साहिब में घूम रहा था। यहां तक गुरुद्वारे में बर्तन सेवा में लगा हुआ था। युवक पहले काफी देर तक आसपास का माहौल देखता है, कहीं, कोई उसकी तरफ ध्यान नहीं दे रहा। इसके बाद वह धीरे से महिला सेवादार के थैले के करीब पहुंचता है और चुपचाप उसमें से मोबाइल फोन निकालकर वहां से निकल जाता है। जानकारी के मुताबिक, शहर की रहने वाली महिला सेवादार हर रोज गुरुद्वारे में लंगर और बर्तन की सेवा करने आती है। घटना के वक्त भी महिला सेवा में लगी हुई थी। सेवा करके महिला वापस जाने लगी और अपना थैला उठाया, तो उसमें से मोबाइल गायब था। मोबाइल गायब देखकर महिला ने शोर भी मचाया। फिर गुरुद्वारा प्रबंधन ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो पूरी वारदात सामने आ गई। आरोपी पिछले दो दिन से सेवा करने के बहाने से गुरुद्वारा साहिब में आ रहा था, ताकि किसी को उस पर शक ना हो।

# वोट दिया, टैक्स भी भरा, फिर भी लोग कूड़े के ढेर और गंदगी में जीने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सिटी प्लस

जनता ने वोट दिया, टैक्स भरा, फिर भी क्या अब बीमारियों में जीना हमारी मजबूरी है?" क्षेत्र की गलियों में यह सवाल अब गुस्से में बदल चुका है। कस्बे की बदहाल सफाई व्यवस्था ने नगर प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और ठेकेदारी सिस्टम की पोल खोलकर रख दी है। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि जगह-जगह पड़े सड़ते कूड़े के ढेर अब सिर्फ बदबू नहीं फैला रहे, बल्कि बीमारियों का खुला न्योता दे रहे हैं। एक तरफ सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर स्वच्छ भारत के विज्ञापन चमका रही है दूसरी तरफ बराड़ा की गलियां और बाजार इस अभियान की जमीन पर हुई मौत का प्रमाण बन चुके हैं। कूड़े के ढेरों से उठती जहरीली दुर्गंध ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। लोगों का कहना है कि "ऐसा लग रहा है जैसे प्रशासन ने कस्बे को भगवान भरोसे छोड़ दिया हो। लोगों की शिकायतों पर प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है।



अंबाला। सड़क पर जलता कूड़ा।



अंबाला। सड़क पर पड़ा कूड़ा।

### ठेकेदारी सिस्टम बना कब्रिस्तान

नगर की सफाई व्यवस्था अब सफाई कम और कमिशनखोरी ज्यादा लगने लगी है। जनता आरोप लगा रही है कि ठेकेदारी प्रथा ने पूरे सिस्टम को खोखला कर दिया है। कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर परेशान हैं, अधिकारी फाइलों में सब ठीक दिखाने में व्यस्त हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि सफाई के नाम पर वसूले जाने वाले टैक्स का पैसा आखिर जा कहां रहा है? क्या जनता की मेहनत की कमाई सिर्फ अधिकारियों की एसी गाड़ियों और ठेकेदारों के मुनाफे में झोंकी जा रही है।

### व्यापारी बर्बादी के कगार पर

यहां के बाजारों में दुकानों के बाहर लगे कूड़े के अंबार व्यापारियों के लिए आर्थिक तबाही बन चुके हैं। ग्राहक दुर्गंध और गंदगी के कारण बाजार आने से बच रहे हैं। दुकानदारों और लोगों का कहना है कि वो टैक्स देते हैं, लेकिन यहां तो घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों और दुकानदारों में प्रशासन के प्रति भारी रोष है। उनका कहना है कि अगर यही हाल रहा तो छोटे दुकानदारों के लिए दुकान चलाना मुश्किल हो जाएगा।

### सड़कों पर बीमारियों का 'डेथ वारंट'

कस्बे की गलियों में फैला कूड़ा अब आने वाली महामारी का ट्रेलर बन चुका है। डेंगू, मलेरिया, हैजा, टाइफाइड और पीलिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बढ़ रहा है। बरसात से पहले हालात संभाले नहीं गए तो यही कूड़ा जहरीला बहाव बनकर घर-घर बीमारी पहुंचाएगा। लोगों का कहना है कि प्रशासन शायद अस्पताल भरने और मौतों के आंकड़ा आने का इंतजार कर रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही व्यवस्था जागेगी?

### ठेकेदारी प्रथा का काला खेल

सफाई व्यवस्था अब सेवा नहीं, मुनाफे का कारोबार बन चुकी है। न कर्मचारियों को पूरा हक मिल रहा है और न जनता को साफ शहर। बीच का खेल सिर्फ ठेकेदारों और अफसरों की जेबें भरने में लगा दिखाई दे रहा है। बाजारों में फैली गंदगी ने स्थानीय व्यापार की कमर तोड़ दी है। ग्राहक बदबू से परेशान होकर बाजारों से दूरी बना रहे हैं, जिसका सीधा असर छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी पर पड़ रहा है।

### अब जनता से मोड़ रहे मुंह

चुनाव के समय घर-घर जाकर वोट मांगने वाले जनप्रतिनिधि अब इस गंदगी पर चुप क्यों हैं? जनता पूछ रही है कि क्या नेताओं की जिम्मेदारी सिर्फ वोट लेने तक सीमित थी? वहीं प्रशासनिक अधिकारियों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि अधिकारी सिर्फ फाइलों में सफाई दिखाकर अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं, जबकि जमीन पर हालात बद से बदतर हैं। डिजिटल दौर में अब लोग गंदगी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सांझा कर प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई करें अधिकारी : नगराधीश

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित व प्रभावी समाधान करने को लेकर समाधान शिविर शुरू किए गए है। सभी अधिकारी अपने अपने विभाग से संबंधित लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कर वाना सुनिश्चित करें। नगराधीश अभिषेक गर्ग सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे। गर्ग ने शिविर में पहुंचे प्राथियों की समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुनते हुए सम्बधिंत अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर समाधान करने के निर्देश दिए।

### 5जी सेवा लांच शहर में मिलेगा बेहतर नेटवर्क

**अंबाला।** भारती एयरटेल ने प्रायोरिटी पोस्टपेड सेवा लांच करने की घोषणा की है। यह नई सेवा 5जी स्लाइसिंग तकनीक का उपयोग करती है जिससे पोस्टपेड ग्राहकों को स्थिर और बेहतर नेटवर्क का अनुभव मिलेगा। यह सेवा विशेष रूप से उन व्यस्त ग्राहकों के लिए तैयार की गई है, जो काम, मनोरंजन या ऑनलाइन सहयोग के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी पर निर्भर रहते हैं। इस सेवा के लिए एयरटेल ने अपने 5जी नेटवर्क को नेटवर्क स्लाइसिंग तकनीक की उन्नत क्षमताओं से सशक्त बनाया है।

### जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने स्वयंसेवक किए सम्मानित

अंबाला। जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने नगर निगम चुनाव के दौरान दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की सहायता के लिए स्वयं सेवकों प्रत्येक बूथ पर स्वयं सेवक की ड्यूटी लगाई थी जिन्होंने निस्वार्थ भाव से अपनी सेवा भाव की ड्यूटी को निभाया। इसके चलते संबंधित विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया है। प्रधानाचार्य दिनेश राणा व उप प्रधानाचार्य विनीता सिंधु, वर्ग अनुदेशक सतपाल, जय नारायण अनुदेशक सोनू, अनुदेशक राजकुमार अनुदेशक सतीश कुमार फिटर अनुदेशक और सभी छात्रों व स्वयं सेवकों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सैनी ने बताया कि सोसायटी इस तरह कई कार्यक्रम करवाती है।

### हरियाणा लोक कला गायन कार्यशाला 1 से

**अंबाला।** जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने से बताया कि उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद अजय सिंह तोमर के निर्देशसनुसार कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग , चंडीगढ़ व जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा संयुक्त रूप से लघु बाल भवन अंबाला छावनी में 10 दिवसीय हरियाणवी लोक गायन की कार्यशाला का आयोजन 1 से 10 जून 2026 प्रतिदिन प्रातः काल 10 से 12 बजे तक बाल भवन अंबाला छावनी में किया जाएगा। इसमें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार दीपक गुलजार एवं उसके म्यूजिकल वादक सह-कलाकार बच्चों को हरियाणवी लोक गायन का प्रशिक्षण देंगे। प्रदेश के लोक गायन को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने और युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए ऐसी प्रतियोगिताओं की बहुत आवश्यकता है। इससे बच्चों का मनोबल बढ़ता है।

## सांसद वरुण चौधरी ने प्रशासन की तैयारियों पर उठाए गंभीर सवाल

# मानसून सिर पर, नींद में सरकार सवालों में जलभराव रोकने के दावे

टांगरी, मारकंडा और बेगना नदियों की अधूरी सफाई, धीमी खुदाई और जर्जर तटबंधों को लेकर कांग्रेस चलाएगी हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

मानसून सिर पर है, लेकिन अंबाला संसदीय क्षेत्र और मुलाना में जलभराव रोकने की सरकारी तैयारियां अभी भी कागजों में ही नजर आ रही हैं। टांगरी, मारकंडा और बेगना नदियों की अधूरी सफाई, धीमी खुदाई और जर्जर तटबंधों को लेकर अब कांग्रेस खुलकर सरकार और प्रशासन पर हमलावर हो गई है। लोकसभा सांसद की अगुवाई में आगामी 31 मई को मुलाना मारकंडा पुल और 1 जून को महेशनगर टांगरी पुल पर विशाल हस्ताक्षर अभियान चलाने का ऐलान किया गया है। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार मानसून से पहले जरूरी इंतजाम करने में पूरी तरह विफल रही है और प्रशासन सिर्फ दिखावे की कार्रवाई में लगा हुआ है।



बराड़ा। निरीक्षण करते हुए सांसद वरुण चौधरी। फोटो : हरिभूमि

### विज्ञापनों में विकास

सरकार विज्ञापनों में विकास दिखा रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर जनता को हर साल पानी में डूबने के लिए छोड़ दिया जाता है। मानसून के दौरान जिले के लोगों को हर साल बाढ़ जैसे हालातों का समाना करना पड़ता है। इस अवसर पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष दुष्यंत चौहान, पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर जायसवाल,नप सदस्य हरमिंदर सिंह हीरा, सतीश सैनी, संगठन महासचिव मनीष राणा, भास्कर शर्मा, संजीव राणा, अमनप्रीत शेरा भी सांसद के साथ मौजूद रहे।

### मारकंडा-बेगना में भी लापरवाही के आरोप

मुलाना क्षेत्र में मारकंडा और बेगना नदी की स्थिति को लेकर भी सांसद वरुण चौधरी ने गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अभी तक न तो उचित खुदाई हुई है और न ही कमजोर स्थानों पर मजबूत तटबंध बनाए गए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि प्रशासन लोगों की चिंताओं को नजरअंदाज कर रहा है और समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। यदि यही हाल रहा तो मानसून के दौरान किसानों, व्यापारियों और आम जनता को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। कांग्रेस ने अब इस मुद्दे को जन आंदोलन का रूप देने की तैयारी कर ली है। 31 मई सुबह 9:30 बजे मुलाना मारकंडा पुल तथा 1 जून सुबह 9:30 बजे महेशनगर टांगरी पुल पर विशाल हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। पार्टी नेताओं का कहना है कि यह अभियान सरकार और प्रशासन की "सुस्त और लापरवाह कार्यशैली" के खिलाफ जनता की आवाज बनेगा। लोगों में भी प्रशासन के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि हर साल जलभराव से घरों, दुकानों और खेतों को नुकसान होता है, लेकिन स्थायी समाधान की बजाय सिर्फ फाइलों में योजनाएं बनाई जाती हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? आखिर मानसून से ठीक पहले ही क्यों सफाई और खुदाई की याद आती है?

### शहर में नालों की सफाई लगभग शून्य

निरीक्षण के दौरान सांसद ने पाया कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश नालों की सफाई अभी तक ठीक ढंग से शुरू भी नहीं हुई है। जबकि हर साल बरसात के दौरान जलभराव से लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन हर साल मानसून से पहले बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन पहली बारिश आते ही सड़कों पर नाव चलने जैसी स्थिति बन जाती है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद हालात हर साल बदतर क्यों हो रहे हैं।

### काम कम, खानापूर्ति ज्यादा

महेशनगर स्थित टांगरी नदी के पंप हाउस और खुदाई कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे सांसद वरुण चौधरी ने अधिकारियों के सामने ही कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने कहा कि नदी में खुदाई का काम न तो तय मानकों के अनुसार हो रहा है और न ही इसकी रफ्तार संतोषजनक है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अगर समय रहते काम में तेजी और गुणवत्ता नहीं लाई गई तो आने वाले मानसून में अंबाला कैंट और आसपास के इलाकों में जलभराव की भयावह स्थिति पैदा हो सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी।

# तेल की बढ़ती कीमतों ने लोगों की तोड़ी कमर: जैन

- कांग्रेस नेता का आरोप अमरीकी दवाब में मोदी सरकार नतमस्तक, जनता पर महंगाई का हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। एडवोकेट रोहित जैन।

प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के सदस्य सचिव एडवोकेट रोहित जैन ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश की जनता महंगाई से कराह रही है, लेकिन भाजपा सरकार जनता को राहत देने के बजाय टैक्स वसूली और कॉरपोरेट हितों की राजनीति में व्यस्त है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन ने कहा कि पूर्व में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट आने के बावजूद देश की जनता को उसका लाभ नहीं दिया जा रहा था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में जब भाजपा सत्ता में आई थी, उस समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल लगभग 105 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था और तब देश में पेट्रोल की कीमत लगभग 71 रुपये प्रति लीटर थी। कई बार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे पहुंचा लेकिन देश के कई राज्यों में पेट्रोल की कीमत 95 से 105 रुपये प्रति लीटर तक रहा है। तब भी सरकार ने देश की जनता को कोई राहत नहीं दी।डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रोहित जैन ने कहा कि भाजपा सरकार ने एक्साइज ड्यूटी और विभिन्न टैक्सों के जरिए जनता की जेब पर लगातार हमला किया है। पिछले वर्षों में केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर टैक्स बढ़ाकर लाखों करोड़ रुपये वसूले, लेकिन आम जनता को राहत देने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। भाजपा नेताओं ने विपक्ष में रहते हुए महंगाई पर लंबी-लंबी बातें की थीं, लेकिन आज सत्ता में आने के बाद जनता की परेशानियों पर पूरी तरह मौन साध लिया है। जैन ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की विदेश नीति भी पूरी तरह अमेरिका के दबाव में दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि महंगाई का सीधा असर गरीब, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों पर पड़ रहा है। लगातार बढ़ती ईंधन कीमतों के कारण परिवहन खर्च बढ़ गया है, जिससे खाद्य पदार्थों, सब्जियों, दालों और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के दाम भी आसमान छू रहे हैं। रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी ने गृहिणियों का बजट बिगाड़ दिया है। गांवों और कस्बों में रहने वाले लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं, जहां आमदनी सीमित है लेकिन खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता की आवाज उठाती रही है और आगे भी महंगाई के मुद्दे पर संघर्ष जारी रखेगी।

## तीन माह से वेतन न मिलने पर टीजीटी शिक्षकों में आक्रोश

- आर्थिक तंगी से जूझ रहे शिक्षक, मुख्यमंत्री से लगाई वेतन जारी करने की गुहार

**बराड़ा।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत टीजीटी अध्यापकों को पिछले तीन महीनों से वेतन न मिलने के कारण शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। इस संबंध में जिला प्रधान सुशील कुमार ने सरकार से जल्द वेतन जारी करने की मांग उठाई है। उन्होंने बताया कि बजट जारी न होने के कारण एचकेआरएन अध्यापकों का वेतन पिछले तीन महीनों से लंबित पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार अध्यापकों से नियमित अध्यापन कार्य के साथ-साथ जनगणना जैसे अतिरिक्त कार्य भी करवा रही है, लेकिन इसके बावजूद शिक्षकों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि वेतन न मिलने से अध्यापकों को मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। बच्चों की फीस, बिजली के बिल, किराया और अन्य जरूरी खर्च पूरे करना शिक्षकों के लिए चुनौती बन चुका है। यहां तक कि कई परचून दुकानदार भी अब उधार में राशन देने से मना करने लगे हैं। जिला प्रधान ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से अपील करते हुए कहा कि एचकेआरएन अध्यापकों का लंबित वेतन जल्द जारी किया जाए।

## विद्यार्थियों को वितरित की शिक्षा सामग्री



**अंबाला।** अंबाला शहर की भारत विकास परिषद महर्षि दयानंद शाखा द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर में शिक्षा सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को नोटबुक वितरित की गई ताकि बच्चे अपनी पढ़ाई को आसानी और बेहतर तरीके से आगे बढ़ा सकें। इस अवसर पर सीआरसी हेड एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गरनाला की प्रचार्या नीलम पघानी विशेष रूप से उपस्थित रही। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा सामग्री उपलब्ध करवाना बहुत बड़ा पुण्य का कार्य है। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति प्रेरणा मिलती है और देश के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान होता है।विद्यालय मुखिया जसविंद्र सिंह ने संस्था के सदस्यों का विद्यालय पहुंचने पर तह दिल से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण तैयार होता है। इस मौके पर राकेश मक्कड़, सुभाष बत्रा, रविंद्र ग्रोवर, रामबाबू यादव, डॉ. दलजीत लाठर, कुलवंत सिंह, गुरप्रीत सिंह और शिवम सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## गर्मी में एक घूंट जिंदगी की मुहिम शुरू बेजुबान पक्षियों के लिए आगे आए

- तपती धूप ने आमजन का जीवन बनाया कठिन, बाहर निकलना मुश्किल

**बराड़ा।** भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए प्रयास समाज सेवा संस्थान ने एक घूंट जिंदगी की मुहिम की शुरुआत की है। संस्थान के प्रधान ने लोगों से अपील की है कि वे अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों के बाहर पानी के मटके रखकर राहगीरों, मजदूरों और बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने का पुण्य कार्य करें। संस्थान के प्रधान ने कहा कि लगातार बढ़ रही गर्मी ने आमजन का जीवन कठिन बना दिया है। सबसे अधिक परेशानी दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों, सफाई कर्मचारियों, डिलीवरी बॉय और खुले आसमान में काम करने वाले लोगों को झेलनी पड़ रही है। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति उन्हें एक गिलास ठंडा पानी पिला दे, तो यह उनके लिए किसी राहत से कम नहीं होता। उन्होंने भावुक अपील करते हुए कहा कि तेज धूप में बेजुबान पक्षी भी पानी की तलाश में भटकते रहते हैं। लोग अपने घरों की छतों, आंगनों और बालकनियों में पानी के छोटे बर्तन जरूर रखें, ताकि इन मासूम जीवों की प्यास बुझ सके। उन्होंने कहा कि "प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य है और गर्मी के इस मौसम में यह किसी की जिंदगी बचाने जैसा कार्य बन जाता है।" विशाल सिंगला ने कहा कि गर्मियों में डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में समाज के हर व्यक्ति को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए इस मुहिम से जुड़ना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि उनके दरवाजे पर आने वाला कोई भी जरूरतमंद बिना पानी पिए वापस न जाएं।

## जनता की समस्याएं जस की तस, अधिकारी दे रहे दावों की खुराक

# समाधान शिविर केवल कागजी आंकड़े बढ़ाने का माध्यम

सरकार सार्वजनिक करें शिविर में प्राप्त शिकायतों के समाधान व लंबित मामलों के आंकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा





बराड़ा। शिविर में जनता की समस्याएं सुनते हुए अधिकारी।

एक ओर प्रशासन दावा कर रहा है कि समाधान शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित निपटान किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के कई नागरिकों का कहना है कि उनकी शिकायतें महीनों से विभिन्न विभागों में लंबित हैं। समाधान शिविर केवल कागजी आंकड़े बढ़ाने का माध्यम बनकर रह गए हैं। सोमवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर के बाद एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने दावा किया कि अधिकांश शिकायतों का मौके पर समाधान कर दिया गया तथा शेष मामलों के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि यदि विभाग नियमित रूप से अपना कार्य कर रहे हैं तो लोगों को अपनी समस्याएं लेकर बार-बार समाधान शिविरों में आने की आवश्यकता ही क्यों पड़ रही है? क्षेत्र में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, पेंशन और राजस्व मामलों से जुड़ी अनेक शिकायतें लंबे समय से चर्चा का विषय बनी हुई हैं। वहीं कई लोगों का कहना है कि शिविर में शिकायत दर्ज तो कर ली जाती है, लेकिन बाद में फाइलें फिर विभागीय दफ्तरों में घूमती रहती हैं और शिकायतकर्ता को बार-बार उन आफिसों में चक्कर काटने पड़ते हैं। यदि समाधान शिविर वास्तव में प्रभावी हैं तो प्रशासन को यह भी सार्वजनिक करना चाहिए कि अब तक कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं, उनमें से कितनी का स्थायी समाधान हुआ और कितने मामले अभी भी लंबित हैं। केवल अधिकांश शिकायतों का मौके पर समाधान जैसे दावों से जनता का भरोसा नहीं जीता जा सकता। फिलहाल समाधान शिविरों के दावों और जनता के अनुभवों के बीच बड़ा अंतर नजर आ रहा है।



उचाना। गंगा दशहरा पर हरिद्वार जाने के लिए बस को रवाना करते सुषमा देवेंद्र अत्री।

### विधायक ने महिलाओं से किया वायदा निभाया

**उचाना।** खटकड़ गांव से हरिद्वार के लिए महिलाओं की बस को भाजपा नेत्री सुषमा देवेंद्र अत्री द्वारा रवाना किया। बीते दिनों खटकड़ गांव की महिलाओं ने विधायक से मुलाकात कर गंगा दशहरा पर्व पर हरिद्वार में स्नान करवाने की मांग की थी। विधायक ने महिलाओं से किए वायदे को निभाते हुए हरिद्वार जाने के लिए बस को भेजा। इस धार्रमिक यात्रा को लेकर महिलाओं ने विधायक का आभार प्रकट किया।सुषमा अत्री ने कहा कि गंगा दशहरा का दिन बड़ा पवित्र है। महिलाओं की इच्छा थी कि इस दिन हरिद्वार में गंगा में डूबकी वो लगाए। विधायक द्वारा महिलाओं से वायदा किया था। उस वायदे को पूरा करते हुए बस के आने-जाने का खर्च सहित जो भी खर्च आएगा वो विधायक द्वारा वहन किया जाएगा। ये हमारा दायित्व भी बनता है क्योंकि उचाना हलका हमारा परिवार है। परिवार के सदस्य कोई मांग रखे उसे पूरा करने की हर संभव कोशिश रहती है। महिलाओं ने कहा कि विधायक ने एक जनसेवक की तरह विधायक कार्य कर रहे है। वो जो कहते है वो करते है। जो वायदा किया था उसे वायदे को पूरा किया।